an>

Title: Regarding providing compensation to the people killed by lightening.

श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा) : महोदय, मैं आपके माध्यम से एक महत्वपूर्ण विषय उठाते हुए सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना चाहूंगा कि इस बार जहां मानसून अच्छा हुआ है, वहीं मानसून के माध्यम से मौत का कहर बरस रहा है। अब तक जो सूचना मिली है, उसके हिसाब से बिहार में 57, यू.पी. में 20, मध्य प्रदेश में 16 और झारखण्ड में 10 लोगों की बारिश और बारिश के साथ बिजली के गिरने से मौत हो चुकी है।

21.00 hours

झारखंड में अलग-अलग जगह बिजली गिरने से दस लोगों की मौत हुई है। 21 जून, 2016 को चतरा जिले के कुंदा प्रखंड में बिजली गिरने से चार आदिवासियों की मौत हुई जो एक ही परिवार के थे। इसमें पांच लोग घायल भी हुए हैं। इसके अतिरिक्त गढ़वा और मिदनी नगर में भी मौतें हुई हैं।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि बिजली गिरने के मामलों में सरकार प्रत्येक परिवार को पांच-पांच लाख रुपये दे और उनके घर बर्बाद होने पर घर बनाने की व्यवस्था की जाए।

HON. DEPUTY-SPEAKER: Shri Sharad Tripathi is permitted to associate with the issue raised by Shri Sunil Kumar Singh.